पत्रिका

नकली बीज बनाने का खेल पकडा: श्रीगंगानगर में कृ षि मंत्री ने खुद किया डिकॉय ऑपरेशन, दो फैक्ट्री सीज

श्रीगंगानगर. इलाके में लंबे से नकली बीज के खेल का खुलासा प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने खुद किया है। मंगलवार सुबह मंत्री मीणा कृषि विभाग के आला अफसरों के साथ जिला मुख्यालय पर दो फैक्ट्री पर पहुंचे। मंत्री के इस डिकॉय ऑपरेशन से रीको मे फैक्ट्री मालिकों और संचालकों में खलबली मच गई। इस रीको में जय शंकर सीड्स और शक्ति सीड्स फर्मो की इन फैक्ट्री में गेहूं, बाजारा, ज्वार, मक्की, जौ, चावल और कपास के बीज तैयार किए जा रहे थे। इन बीजों की अच्छी क्वालिटी दर्शाने के लिए वहां रंग लगाने का प्लांट भी लगा हुआ था। मंत्री ने बताया कि बीजों के भंडारण में अधिकांशकटटो पर पर्ची अंकित की हुई थी, कई एक्सपायर डेट की मिली। अच्छी क्वालिटी के दावे सिर्फ कागजों में मिले। दोनों फैक्ट्री में कृषिजिन्सों के बीजों को चमकदार बनने के लिए कई केमिकल्स की बाल्टी, कैन और बोतलें भी बरामद की है। बीजों को सूखाने और देखने में चमकदार के लिए बाॅयलर का जुगाड़ भी मिला। इसके अलावा पड़ौसी पंजाब में सरकारी एजेंसी के खाली कटटे भी बरामद किए गए है। इन कटटों में गेहूं का बीज भरकर किसानों को बेचने के लिए तैयार किया जा रहा था। पंजाब में नकली बीज की सप्लाई भी इसी फैक्ट्री से की जा रही थी। मंगलवार सुबह दस बजे पहुंचे मंत्री की अगुवाई में इस संयुक्त जांच दल ने दोपहर बारह बजे तक औचक निरीक्षण कर नकली बीज के इस खेल का पर्दाफाश किया है।

Source: https://www.patrika.com/sri-ganganagar-news/fake-seed-making-racket-caught-agriculture-minister-himself-conducted-a-decoy-operation-in-sri-ganganagar-two-factories-seized-19643166